Activity Report 2023-24

एम.टी.क्यू पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम बाल अधिकार और बाल संरक्षण पर एक कम्पटीशन आयोजित किया इसमें प्रतिभागियों को पुरूस्कार चिराग सोसायटी के अध्यक्ष डॉ.जफर आलम द्वारा सम्मानित किया।

अन्तर्राष्ट्रीय बालश्रम विरोध दिवस के अवसर पर वेब क्लासेज में एक जागरूकता कार्यक्रम को आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सी.ओ.सदर श्री हीरा लाल कनौजिया जी उपस्थित रहे।

बच्चों की बुनियादी तालीम का करें इंतजाम : हीरालाल

- वेब क्लासेज में बालश्रम पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

चिराग सोसायटी द्वारा शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु चलो चलें, स्कूल चलें कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों एवं रैलियों का आयोजन किया गया तथा 1098 एवं बालश्रम के विरूद्व नारे लगाते हुए बच्चे आगे बढ रहे थे। इस एक सप्ताहीय कार्यक्रम का उदघाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूलों ने बच्चों के साथ रैली में प्रतिभाग किया।

SPM NEWS

फीरोजाबाद

बिलाल नगर में गूंजा स्कूल चलो का नारा

चिराग सोसायटी द्वारा संचालित कार्यक्रम चाइल्डलाइन 1098 के तहत बच्चों को कोविड–19 के बारे में जानकारी देते हुए तथा दूसरे चित्र में बाल विवाह रूकवाया गया तथा बालिका को सीडब्ल्यूसी ले जाती टीम चाइल्डलाइन।

चाइल्डलाइन कार्यक्रम के अर्न्तगत एस.आर.ज्ञानेश्वरी इण्टर कॉलेज में बाल सहयोगी कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बालिकाओं और महिलाओं को उनके बाल सहयोग हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

चाइल्डलाइन कार्यक्रम के तहत आओ बच्चों के दोस्त बने चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें अलग अलग दिन विभिन्न तरह के कार्यक्रमों को आयोजन किया गया । जैसे हस्ताक्षर अभियान, ड्रॉइंग कम्पटीशन, काईट फ्लाइंग, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, दीपावली सेलिब्रेशन एवं सुरक्षा बंधन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चे अभिभावक, स्कल टीचर्स एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

हस्ताक्षर अभियान

चाइल्ड हैल्पलाइन 1098 के तहत टीन एर्जस को गुड टच बैड टच एवं पोक्सो एवं जे.जे एक्ट के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही 1090 एवं 181 हैल्पलाइंस के विषय पर जागरूकत किया। टीन एर्जस ने सुरक्षा को लेकर प्रश्न किये संस्था अध्यक्ष से बारी बारी से उत्तर दियें इस तरह के कार्यक्रम संस्था चिराग समय समय पर कराती है।

ग्राम पंचायत दौंकेली एवं उसायनी पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम ओपन हाउस आयोजित किये गये । इन कार्यक्रमों में बच्चों उनके अधिकार एवं बाल विवाह, बालश्रम के विषय पर विस्तार से बताया गया। चाइल्ड हैल्पलाइन 1098, पुलिस हैल्पलाइन 112 एवं वीमेन हैल्पलाइन 1090 एवं महिला हैल्पलाइन 181 के विषय पर विस्तार से बताया गया।

चिराग़ सोसायटी द्वारा संचालित रेलवे चाइल्डलाइन मथुरा द्वारा परिवारों को राशन वितरण किया गया तथा बच्चों को स्वच्छता किट बॉटी गयी और रेलवे मथुरा जंक्शन पर चाइल्डलाइन 1098 के प्रचार प्रसार हेतु होर्डिंग्स, बैनर लगाये गये ।